
India GK PDF Free
For :- SSC GD
Free डाउनलोड PDF


SSC GD कांस्टेबल
Mostly 150+ Questions
Free डाउनलोड PDF

# SSC GD PREVIOUS YEAR PAPER- 14

# SSC GD

**Date : 23/11/2021** **Time : 4 : 00 PM – 5 : 30 PM**

## Section : Part A General Intelligence and Reasoning

1. दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनें जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है।
**7, 14, 17, 68, 73, ?**
(a) 408 (b) 528 (c) 432 (d) 438 **(d)**

2. उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसमें दी गई संख्याओं के बीच वही संबंध है, जो दिए गए समुच्चय की संख्याओं के बीच है।
**(9, 45, 10)**
(a) (5, 75, 26) (b) (8, 72, 18)
(c) (6, 85, 22) (d) (7, 40, 12) **(b)**


3. सात दोस्त S, T, U, V, W, X और Y, एक वृत्त के इर्द-गिर्द वृत्त के केंद्र की ओर पीठ करके बैठे हैं। Y और V के बीच तीन व्यक्ति हैं। W, V के दाईं ओर ठीक बगल में बैठा है। U, Y और X के बीच में बैठा है। T, W या Y के बगल में नहीं बैठा है। S, W के बगल में बैठा है।
V और X के बीच कौन बैठा है?
(a) T (b) S (c) Y (d) U **(a)**


4. चार अक्षर-समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से संगत हैं और एक असंगत है। उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो असंगत है।
(a) KNQTW (b) PSVYB (c) CGILN (d) DGJMP **(c)**

5. उस विकल्प का चयन कीजिए, जो दिए गए शब्दों के उस क्रम को दर्शाता है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में मौजूद होते हैं।
**1. Rotate 2. Rose 3. Resolute**
**4. Repair 5. Recreate**
(a) 5, 4, 3, 2, 1 (b) 4, 5, 3, 2, 1
(c) 1, 4, 3, 2, 5 (d) 5, 4, 3, 1, 2 **(a)**

6. उस विकल्प का चयन करें, जिसका तीसरे पद से वही संबंध है, जो दूसरे पद का पहले पद से है।
**NOSE : ENOS : : PROUD : ?**
(a) RPUOD (b) DOPRU (c) DUROP (d) OUPDR **(b)**

7. उस आकृति का चयन कीजिए जो निम्न आकृति शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।







(a) (b) (c) (d) **(b)**

8. उस विकल्प का चयन कीजिए, जिसका चौथी संख्या से वही संबंध है, जो पहली संख्या का दूसरी संख्या से है और पाँचवीं संख्या का छठी संख्या से है।
**9 : 44001 : : ? : 46521 :: 14 : 55211**
(a) 14 (b) 20 (c) 10 (d) 18 **(d)**

9. निम्नलिखित आकृतियों में कागज के एक टुकड़े को मोड़ने का क्रम और उसे काटने की विधि दर्शाई गई है। इस कागज को खोलने पर यह कैसा दिखाई देगा?





(a) (b) (c) (d) **(c)**

10. दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रेणी में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकती है।
**40, 46, 58, 82, 130, ?**
(a) 174 (b) 206 (c) 226 (d) 166 **(c)**

11. मनदीप और स्वाति के वेतनों का योग ₹85,000 है। स्वाति और युक्ति के वेतनों का योग ₹60,000 है। यदि स्वाति का वेतन, युक्ति के वेतन से ₹10,000 अधिक है, तो मनदीप का वेतन कितना है?
(a) ₹ 40,000 (b) ₹ 35,000
(c) ₹ 25,000 (d) ₹ 50,000 **(d)**

12. यदि 'A' का अर्थ '+' है, 'B' का अर्थ '–' है, 'C' का अर्थ '×' है और 'D' का अर्थ '÷' है, तो दिए गए व्यंजक का मान ज्ञात कीजिए।
**27 D 3 A 5 A (9 C 6) B 15 A (14 B 11) C 6 = ?**
(a) 71 (b) 81 (c) 54 (d) 43 **(a)**

13. दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकता है।
**MLW, JJV, GHU, ?**
(a) FFS (b) GET (c) EGR (d) DFT **(d)**

14. 'दर्जी', का 'पोशाक' से वही संबंध है, जो 'मोची' का '....' से है।
(a) साइकिल (b) जूते (c) फर्नीचर (d) भवन **(b)**

15. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानें, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हों, और बताएँ कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन से तार्किक रूप से कथनों का पालन करते हैं?
कथन: 1. सभी सुइयाँ, कागज़ हैं।
2. कुछ सुइयाँ, चाकू हैं।
निष्कर्ष: I. कुछ चाकू, कागज़ हैं।
II. कोई कागज़, चाकू नहीं है।
(a) केवल निष्कर्ष I पालन करता है।
(b) केवल निष्कर्ष II पालन करता है।
(c) दोनों ही निष्कर्ष पालन करते हैं।
(d) न तो निष्कर्ष I और न ही II पालन करता है। **(a)**


16. एक विशिष्ट कूट भाषा में, **'DUMP'** को **'ETNQ'** और **'EAGER'** को **'DZHDS'** लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में **'FINGER'** को क्या लिखा जाएगा?
(a) GHOHDS (b) GJOHQS
(c) IFGNRE (d) HHOHDS **(a)**

17. किसी निश्चित कूट भाषा में, **'TARGET'** को **'219752'** और **'PRIZE'** को **'79985'** लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में **'QUEEN'** को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) 83225 (b) 73554 (c) 82554 (d) 83555 **(d)**

WhatsApp JOIN NOW!

18. एक बैठक में भाग ले रहे आठ अधिकारी A, B, C, D, E, F, G और H, एक वृत्ताकार मेज के इर्द-गिर्द इसी क्रम में दक्षिणावर्त बैठे हैं। सभी का मुख मेज के केंद्र की ओर है और उनके बीच समान दूरी है। यदि D का मुख उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर है, तो F किस दिशा में बैठा है?
(a) दक्षिण–पूर्व (b) दक्षिण–पश्चिम
(c) उत्तर–पूर्व (d) उत्तर–पश्चिम **(b)**

19. दिया गया आरेख उन विद्यार्थियों की संख्या दर्शाता है जो विभिन्न भाषाएँ जानते हैं। हिंदी, अंग्रेजी और जर्मन।




उन विद्यार्थियों की संख्या कितनी है जो अंग्रेजी और जर्मन दोनों जानते हैं, लेकिन हिंदी नहीं जानते हैं?
(a) 15 (b) 12 (c) 3 (d) 16 **(d)**

20. विशाल, नर्मदा का पति है। प्रतीक, गौरवी का भाई है। कार्तिक, प्रथमेश का बेटा है, जो आरती का पति है। आरती के बेटे का विवाह नर्मदा से हुआ है। गौरवी, विशाल की बेटी है। प्रथमेश का गौरवी से क्या संबंध है?
(a) नाना (b) दादा
(c) मामा/मौसा (d) चाचा/फूफा **(b)**

21. अक्षरों के उस संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई अक्षर शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।
G_CT_X_TGX_T_XCTG_CT
(a) XXCGGY (b) XGCCGX
(c) XGCCCG (d) TGCCGG **(b)**


22. एक निश्चित कूट भाषा में 'READY' को 'IVZWB' लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में 'PERFORM' को किस प्रकार लिखा जाएगा?
(a) LORPREFI (b) KVIULIN
(c) RPLIFIRE (d) KVPRERFJ **(b)**

23. जब दर्पण को दिए गए संयोजन के दाईं ओर रखा जाता है, तो संयोजन के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन करें।
856wqa




**(c)**


24. दी गई शीट को मोड़कर एक घन बनाया जाता है। इस प्रकार निर्मित घन में, 'A' अक्षर वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन सा अक्षर मौजूद होगा?




(a) C (b) B (c) D (d) F **(a)**

25. उस विकल्प का चयन करें, जो दी गई आकृति में अंतर्निहित है। (आकृति को घुमाने की अनुमति नहीं है)।






**(b)**

## Section : Part-B: General Knowledge and General Awareness

1. निम्नलिखित में से कौन सा महासागरीय गतिविधि को संदर्भित नहीं करता है?
(a) परावर्तन (b) तरंग (c) ज्वार–भाटा (d) धाराएँ **(a)**

2. निम्नलिखित में से कौन-सा लोक नृत्य असम की 'चाय जनजातियों (tea tribes)' द्वारा किया जाता है?
(a) डोमकच (b) अलकप (c) झुमुर (d) बाराओ **(c)**

3. 'द अदर साइड ऑफ साइलेंसः वॉयसेस फ्रॉम द पार्टिशन ऑफ इंडिया (The Other Side of Silence: Voices from the Partition of India)' नामक पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।
(a) बप्सी सिधवा (b) उर्वशी बुटालिया
(c) आयशा जलाली (d) यास्मीन खान **(b)**

4. निम्नलिखित में से कौन एक संधिपाद (Arthropod) है?
(a) जोंक (b) सहस्त्रपाद (c) यकृत् पर्णाभ (d) घोंघा **(b)**

5. प्रतिवर्ष ''भारती सेना दिवस'' कब मनाया जाता है?
(a) 5 जून (b) 23 अक्टूबर (c) 8 मार्च (d) 15 जनवरी **(d)**

6. भारत में ब्रिटिश राज्य के संस्थापकों में से एक, रॉबर्ट क्लाइव किस वर्ष में भारत आया था?
(a) 1733 (b) 1743 (c) 1543 (d) 1643 **(b)**

7. निम्नलिखित में से कौनसा जोड़ा सही है?
(a) कब्जा संधि : कंधा
(b) अचल संधि : कोहनी
(c) धुराग्र संधि : सिर–गर्दन
(d) कन्दुक–उलूखल संधिः ऊपरी जबड़ा : सिर **(c)**

8. निम्नलिखित में से कौन-सी, भारत की नदियों को आपस में जोड़ने वाली प्रथम परियोजना है?
(a) केन–बेतवा (b) वैगाई–नोय्याल
(c) कोसी–गंडक (d) पलार–भवानी **(a)**

9. निम्नलिखित में से कौन सा एक तत् वाद्य यंत्र (stringed musical instrument) है?
(a) तुरी (b) जंतर (c) झांझ (d) बुंगल **(b)**

10. भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एकमात्र अध्यक्ष कौन थे जिन्होंने निर्वाचित होने के बाद भी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था?
(a) सुभाष चंद्र बोस (b) वल्लभभाई पटेल
(c) दादाभाई नौरोजी (d) अबुल कलाम आजाद **(a)**

11. समष्टि अर्थशास्त्र (macroeconomics) के जनक (founding father) के रूप में किसे जाना जाता है?
(a) पॉल सैम्यूल्सन (b) जॉन मेनार्ड कीन्स
(c) अल्फ्रेड मार्शल (d) एडम स्मिथ **(b)**

12. ऊँटों के बारे में इनमें से कौन सा कथन गलत है?
(a) उनका गोबर सूखा होता है।
(b) वे थोड़ी मात्रा में मूत्र का उत्सर्जन करते हैं।
(c) उन्हें बहुत पसीना आता है।
(d) वे स्थलीय आवासों में रहते हैं। **(c)**

13. 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत आने के बाद, महात्मा गाँधी ने किसकी सलाह पर भारत देश और जनता को समझने के लिए पूरे एक वर्ष तक पूरे भारत की यात्रा करने का फैसला किया?
(a) बाल गंगाधर तिलक (b) गोपाल कृष्ण गोखले
(c) मोतीलाल नेहरू (d) सुभाष चंद्र बोस **(b)**


WhatsApp
JOIN NOW!

14. भारतीय संविधान की प्रस्तावना , ....... को जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में पेश किए गए उद्देश्य प्रस्ताव पर आधारित है।
(a) 4 नवंबर 1946 (b) 13 दिसंबर 1946
(c) 29 अगस्त 1947 (d) 14 फरवरी 1945 **(b)**

15. किस वर्ष से कबड्डी को एक पूर्ण खेल के रूप में एशियाई खेलों में शामिल किया गया है?
(a) 2000 (b) 1996 (c) 1994 (d) 1990 **(d)**

16. वर्ष 1932 में, महात्मा गाँधी ने ब्रिटिश सरकार के भारत की निर्वाचन प्रणाली को जातिगत आधार पर पृथक करने के फैसले के विरोध में किस जेल में भूख हड़ताल की थी?
(a) डोंगरी (b) भोईवाड़ा (c) यरवदा (d) भायखला **(c)**

17. अक्टूबर 2020 में, भारत सरकार ने ........ के लिए अवसरों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से SERB-POWER योजना शुरू की।
(a) चिकित्सा अनुसंधान में युवाओं
(b) जैवप्रौद्योगिकी अनुसंधान में महिलाओं
(c) शैक्षिक अनुसंधान में युवाओं
(d) अन्वेषणात्मक अनुसंधान में महिलाओं **(d)**

18. निम्नलिखित में से कौन 1928 में भारत के लिए संविधान का मसौदा तैयार करने वाले कांग्रेसी नेताओं में से एक थे?
(a) श्यामा प्रसाद मुखर्जी (b) जयपाल सिंह
(c) मोतीलाल नेहरू (d) सोमनाथ लाहिड़ी **(c)**

19. 1944 में, इंफाल की लड़ाई ब्रिटिश सेना और ........... सेना के बीच लड़ी गई थी।
(a) डच (b) फ्रेंच (c) चीनी (d) जापानी **(d)**

20. भारत की पहली सी-प्लेन सेवा अक्टूबर 2020 में........में शुरू की गई थी।
(a) गुजरात (b) गोवा (c) कर्नाटक (d) केरल **(a)**

21. ओडिशा के किस जिले में पूर्वी घाट की सबसे ऊँची चोटी स्थित है?
(a) अनुगुल (b) बौध (c) बालनगीर (d) कोरापुट **(d)**

22. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के विशेष आहरण अधिकार (SDR) का मूल्य कितनी मुद्राओं वाली बास्केट ऑफ करेंसी (basket of currencies) द्वारा निर्धारित किया जाता है?
(a) पाँच (b) छह (c) सात (d) आठ **(a)**

23. क्रिश्चिन कोलमैन, जिन्हें एंटी-डोपिंग उल्लंघनों के लिए 14 मई, 2020 से दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित किया गया था, ... ........ से संबद्ध है।
(a) टेनिस (b) तैराकी (c) मुक्केबाजी (d) एथलेटिक्स **(d)**

24. निम्नलिखित में से किसे भारत के लिए शीर्ष स्तर की संस्था के रूप में स्थापित किया गया था?
(a) राष्ट्रीय आवास बैंक
(b) महाराष्ट्र आवास और क्षेत्रीय विकास प्राधिकरण
(c) दिल्ली विकास प्राधिकरण
(d) आवास विकास वित्त निगम **(a)**

25. ओलंपिक गोल्फ टूर्नामेंट में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला इनमें से कौन थी?
(a) अदिति अशोक (b) दीक्षा डागर
(c) शर्मिला निकोलेट (d) स्मृति मेहरा **(a)**

## Section : Part-C: Elementary Mathematics

1. एक फल विक्रेता ने ₹ 520 प्रति 10 किग्रा. के मूल्य पर 30 किग्रा. सेब खरीदे। उसने उनमें से 60% सेब ₹ 60/किग्रा. के मूल्य पर बेचे। 20% का लाभ प्राप्त करने के लिए, शेष सेबों का विक्रय मूल्य प्रति किग्रा. कितना होना चाहिए?
(a) ₹ 65 (b) ₹ 60 (c) ₹ 66 (d) ₹ 62 **(c)**

2. यदि 20 पुरुष किसी कार्य को 36 दिनों में पूरा कर सकते हैं तो उसी कार्य के तीन-चौथाई भाग को कितने पुरुष 18 दिनों में पूरा कर लेंगे?
(a) 30 (b) 40 (c) 15 (d) 20 **(a)**

3. एक लड़की अपनी सामान्य चाल की $\frac{3}{5}$ चाल से चलते हुए, अपने कार्यस्थल पर 1 घंटा 30 मिनट की देरी से पहुँचती है। उसकी यात्रा का सामान्य समय कितना है।
(a) 2 h 45 min (b) 2 h 15 min
(c) 56 min (d) 54 min **(b)**

4. A और B की आय का अनुपात 7 : 9 है और उनके व्ययों का अनुपात 13 : 15 है। यदि A और B क्रमशः ₹ 9,000 और ₹ 15,000 की बचत करते हैं, तो A की आय कितनी (₹ में) हैं?
(a) 31,500 (b) 28,000 (c) 38,500 (d) 35,000 **(d)**

5. एक निश्चित धनराशि 10.5% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर 4 वर्ष में ₹ 8,094 हो जाती है। समान राशि, समान साधारण ब्याज की दर पर $6\frac{2}{3}$ वर्ष में कितनी (₹ में) हो जाएगी?
(a) 9,760 (b) 9,690 (c) 9,850 (d) 9,960 **(b)**

6. A किसी काम को 15 घंटों में और B उसी काम को 30 घंटों में पूरा कर सकता है। A द्वारा 5 घंटे कार्य करने के बाद, शेष काम को पूरा करने के लिए, B भी A के साथ शामिल हो जाता है। शेष काम कितने समय में पूरा हो जाएगा?
(a) 6 घंटे 40 मिनट (b) 6 घंटे 20 मिनट
(c) 5 घंटे 40 मिनट (d) 5 घंटे 30 मिनट **(a)**

7. किसी पिग्गी बैंक में ₹ 1 के सिक्के, ₹ 2 के सिक्के और ₹ 5 के सिक्के 5 : 9 : 4 के अनुपात में है। यदि पिग्गी बैंक में कुल राशि ₹ 880 है, तो उसमें ₹ 5 के कितने सिक्के हैं?
(a) 50 (b) 90 (c) 60 (d) 80 **(d)**

8. यदि सात अंकों की संख्या 57282p9, 11 से पूर्ण रूप से विभाज्य है, तो $(11 - p)$ का मान कितना है, जहाँ $p > 0$ हैं?
(a) 10 (b) 8 (c) 5 (d) 2 **(b)**

9. यदि $x : y = 5 : 8$ है, तो $(4x - 3y) : (4x - 7y)$ का मान कितना हैं?
(a) 1 : 1 (b) 11 : 19 (c) 9 : 1 (d) 1 : 9 **(d)**

10. $8-4\div8 \text{ of } 3+\left(7\div7 \text{ of } \frac{1}{7}\right)\div6+\left(3\times6\div\frac{1}{3}\right)\times\frac{1}{6}$ का मान ज्ञात कीजिए।
(a) $12\frac{2}{3}$ (b) 18 (c) 0 (d) $18\frac{2}{3}$ **(b)**

11. 16 संख्याओं का औसत 24.5 है। यदि पहली 6 संख्याओं का औसत 20.5 है और अंतिम 5 संख्याओं का औसत 32.4 है तो शेष संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।
(a) 21.4 (b) 22.4 (c) 20.2 (d) 21.8 **(a)**

12. यदि किसी आयत की लंबाई और चौड़ाई को दोगुना किया जाता है, तो इसका परिमाप कितना हो जाएगा?
(a) तीन गुना (b) चार गुना
(c) आधा (d) दो गुना **(d)**

13. यदि 18 m × 50 m की विमाओं वाले एक आयतन का क्षेत्रफल एक वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर है, तो उस वर्ग की भुजा की लंबाई कितनी है?
(a) 34 m (b) 15 m (c) 30 m (d) 17.5 m **(c)**

WhatsApp
JOIN NOW!

14. A के तीन गुने और B के चार गुने के परिणामों का औसत 17 है, तथा A के चार गुने और B के तीन गुने के परिणामों का औसत 18 है। A और B का योग कितना होगा?
(a) 16 (b) 10 (c) 15 (d) 12 **(b)**

15. यदि किसी संख्या के 70% और उसी संख्या के 40% का अंतर 135 है, तो वह संख्या कौन सी है?
(a) 450 (b) 350 (c) 420 (d) 550 **(a)**

16. 90 km/h की चाल से चल रही एक ट्रेन किसी निश्चित दूरी को तय करने में 50 मिनट का समय लेती है। यदि चाल में $33\frac{1}{3}$% की वृद्धि हो जाए, तो उस दूरी की $2\frac{4}{5}$ गुनी दूरी तय करने में ट्रेन को कितना समय लगेगा?
(a) 1 घंटा 45 मिनट (b) 1 घंटा 30 मिनट
(c) 1 घंटा 20 मिनट (d) 1 घंटा 25 मिनट **(a)**

17. किसी खराबी की वजह से, नितिन एक ऊनी जैकेट को उसके क्रय मूल्य से 10% कम मूल्य पर बेचता है। यदि उसने उस जैकेट को ₹ 500 अधिक में बेचा होता, तो उसे 15% का लाभ होता। जैकेट का क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।
(a) ₹ 2,500 (b) ₹ 5,000 (c) ₹ 3,333 (d) ₹ 2,000 **(d)**

18. निम्नलिखित व्यंजक का मान ज्ञात करें।
$$\frac{1}{5}\div\frac{3}{4}\text{of}\frac{2}{5}+\frac{1}{5}\times\frac{5}{6}-\frac{2}{3}$$
(a) $-\frac{2}{5}$ (b) $-\frac{59}{150}$ (c) $\frac{1}{6}$ (d) $-\frac{37}{90}$ **(c)**

19. जगन ने समान मूल्य की 4 अलमारियाँ खरीदी। उसने उसमें से 3 को 14% के लाभ पर बेच दी। चौथी अलमारी उसने k% लाभ पर बेची। यदि कुल लाभ 15% है, तो k का मान कितना हैं?
(a) 15 (b) 18 (c) 16 (d) 14 **(b)**

20. A का वेतन B के वेतन से 10% कम है, B का वेतन C के वेतन से 25% कम है। C का वेतन A के वेतन से लगभग कितने प्रतिशत अधिक है?
(a) 90% (b) 48% (c) 65% (d) 33% **(b)**

21. मान लीजिए x और y, 165, 297 और 495 के क्रमशः लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) और महत्तम समापवर्तक (HCF) हैं। $\frac{x}{y}$ का मान ज्ञात कीजिए।
(a) 45 (b) 55 (c) 75 (d) 15 **(a)**

22. ₹ 26,000 की एक धनराशि को इस प्रकार दो भागों में विभाजित करके उधार दिया जाता है कि पहले भाग पर 5% वार्षिक ब्याज की दर से 3 वर्ष में प्राप्त ब्याज, दूसरे भाग पर 6% वार्षिक ब्याज की दर से 4 वर्ष में प्राप्त ब्याज के बराबर है। पहले भाग की राशि कितनी है?
(a) ₹ 16,000 (b) ₹ 14,860 (c) ₹ 10,000 (d) ₹ 11,835 **(a)**

23. किसी वस्तु पर 12% और 10% की दो क्रमागत छूट दी जाती हैं। यदि वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 3,500 है, तो वस्तु का विक्रय मूल्य कितना होगा?
(a) ₹ 2,770 (b) ₹ 2,652 (c) ₹ 2,650 (d) ₹ 2,772 **(d)**

24. एक खुदरा व्यापारी 20% की छूट पर एक वस्तु खरीदता है, और उसे ₹ 2,200 में बेचकर 10% का लाभ प्राप्त करता है। छूट (₹ में) कितनी थी?
(a) ₹ 200 (b) ₹ 500 (c) ₹ 400 (d) ₹ 300 **(b)**

25. कोई धनराशि साधारण ब्याज की किस वार्षिक दर पर, $8\frac{1}{3}$ वर्षों में दोगुनी हो जाएगी?
(a) 12% वार्षिक (b) 7% वार्षिक
(c) 8.5% वार्षिक (d) 8% वार्षिक **(a)**

## Section : Part-D: English

1. **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**Giving orders in a manner that permits no refusal**
(a) dictatorial (b) Benedictory
(c) Adulterous (d) Infidelity **(a)**

2. **Select the INCORRECTLY spelt word.**
(a) Fatal (b) Taccal (c) Brutal (d) Metal **(b)**

3. **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**We have decided to go on a long ______ with our friends.**
(a) travel (b) passage (c) visit (d) drive **(d)**

4. **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**To bear fruit**
(a) To accept the truth (b) To be creative
(c) To produce positive results (d) To put in hard work **(c)**

5. **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**He is / the more intelligent / and hardworking student / of our class.**
(a) the more intelligent (b) and hardworking student
(c) of our class (d) He is **(a)**

6. **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Attract**
(a) Repel (b) Disgust (c) Prevent (d) Entice **(d)**

7. **Select the correctly spelt word.**
(a) Mechenism (b) Mechanisum
(c) Mechanism (d) Machanism **(c)**

8. **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Awkward**
(a) Bulky (b) Uneasy (c) Inelegant (d) Graceful **(d)**

9. **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Captivity**
(a) Prosperity (b) Freedom (c) Tumble (d) Elevate **(b)**

10. **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**Study of diseases**
(a) Telepathy (b) Pathology
(c) Empathy (d) Antipathy **(b)**

11. **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Eagle eye**
(a) An eye full of curiosity
(b) An eye with sharp visual powers
(c) An eye full of suspicion
(d) An eye with sense of admiration **(b)**

12. **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**

WhatsApp
JOIN NOW!

The book <u>are not owned</u> by him.
(a) are not being owned (b) No substitution required
(c) is not owned (d) is not own **(c)**

**13. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Friendship increases happiness and ______ misery.**
(a) diminishes (b) determines
(c) distinguishes (d) delegates **(a)**

**14. The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**Even though Mahindra & Mahindra warn / consumers not to use low-standard engine oil, /people refuse to read the instructions / and damage their vehicles.**
(a) consumers not to use low standard engine oil
(b) people refuse to read the instructions
(c) and damage their vehicles
(d) Even though Mahindra & Mahindra warn **(d)**

**15. Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**
**We watched the carpenter <u>to repair</u> our broken table.**
(a) to repairing (b) No substitution required
(c) repairing (d) repaired **(c)**

**16. Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Deliberate**
(a) Disastrous (b) Unplanned
(c) Planned (d) Accidental **(c)**

**17. Select the option that will improve the underlined part of the given sentence. In case no improvement is needed, select 'No improvement required'.**
**He was <u>too tired for walking</u> anymore.**
(a) very tired for walking
(b) too tired to walk
(c) to tired for walk
(d) No improvement required **(b)**

**18. Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**This is the ______ clock that I have ever seen.**
(a) finest (b) purest (c) tastiest (d) sharpest **(a)**

**19. Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**Disease that spreads by physical touch and contact**
(a) Contemptible (b) Contagious
(c) Poisonous (d) Resistible **(b)**

**20. The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**
**She didn't liked / any disturbance / during her studies.**
(a) She didn't liked (b) during her studies
(c) any disturbance (d) No error **(a)**

**Comprehension:**
In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.
During a festival in Kerala, an elephant went on a rampage, attacking nearly 27 vehicles (1) ______ near a temple. Festivals in Kerala often (2) ______ hundreds of elephants to attract crowds and accidents are not uncommon. The big animal (3) ______ tethered by the tusk along with four other elephants (4) ____ broke free and started flinging parked vehicles, (5) ____ rickshaws and motorbikes, around.

**21. Select the most appropriate option to fill in the blank no. 1.**
(a) placed (b) put (c) planted (d) parked **(d)**

**22. Select the most appropriate option to fill in the blank no. 2.**
(a) has (b) are having (c) had (d) have **(d)**

**23. Select the most appropriate option to fill in the blank no. 3.**
(a) were (b) was (c) are (d) is **(b)**

**24. Select the most appropriate option to fill in the blank no. 4.**
(a) hence (b) although (c) but (d) so **(c)**

**25. Select the most appropriate option to fill in the blank no. 5.**
(a) including (b) include (c) included (d) to include **(a)**

## Section : Part–D: Hindi

**1. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन सा है?**
(a) परीक्षण (b) परिक्षण (c) परीच्छण (d) परिच्छण **(a)**

**2. दिये गये वाक्य में रेखांकित अंश को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें।**
**टंकी की <u>योग्यता</u> सौ लीटर है।**
(a) आयतन (b) गहराई (c) प्रतिभा (d) क्षमता **(d)**

**3. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें।**
**<u>मेरे सामने</u> कौन ठहर सकता है?**
(a) तुम्हारे आगे
(b) मेरे आगे
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) हमारे आगे **(c)**

**4. रिक्त स्थान भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**बेटी पिताजी के साथ........थी।**
(a) जाने वाली (b) जाने वाला
(c) जाने वाले (d) चलने वाले **(a)**

**5. निम्नलिखित प्रश्न में, दिए गए चार विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें, जो मुहावरे का अर्थ व्यक्त करता है।**
**चारपाई पकड़ना**
(a) निश्चित हो जाना (b) दुःख देना
(c) बीमार होना (d) उत्तेजित होना **(c)**

**6. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**मुझे तो (1)/ कहा गया था कि (2)/ आप तैयार हैं। (3)/ कोई त्रुटि नहीं है (4)**
(a) 3 (b) 2 (c) 1 (d) 4 **(c)**

**7. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन करें।**
**आँख**
(a) गगन (b) दूरदर्शी (c) सर्वदर्शी (d) लोचन **(d)**

**8. दिए गए शब्द के समानार्थी शब्द का चयन कीजिए।**
**निपुण**
(a) अभिज्ञ (b) कुशलता (c) अभिज्ञता (d) पटुता **(a)**

**9. दिये गये वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द का चयन कीजिए।**
**जिसे मर जाने की कामना हो।**
(a) मुमूर्षा (b) मुमूर्ष (c) मृत्यंजय (d) मुमुक्षु **(b)**

**10. नीचे दिए वाक्यांश के लिए एक शब्द दिए गए विकल्पों में से चुनिए-**
**जिस भूमि में कुछ उत्पन्न न होता हो।**
(a) उज्जड़ (b) उपजाऊ (c) वीरान (d) ऊसर **(d)**

WhatsApp JOIN NOW!

**11. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**कालिदास ने (1)/ अशोक पुष्प का (2)/ वर्णन शरतकाल में किया है। (3)/ कोई त्रुटि नहीं है (4)**
(a) 1 (b) 3 (c) 4 (d) 2 **(b)**

**12. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।**
**परकीय**
(a) क्षत्रिय (b) लाघव (c) दृश्य (d) स्वकीय **(d)**

**13. 'मुँह में ठेंपी देना' इस मुहावरे का अर्थ कौनसा है?**
(a) बोलने की हिम्मत न होना (b) कुछ न बोलने देना
(c) खूब बदनाम करना (d) दीनता प्रकट करना **(b)**

**14. 'कृतज्ञ' शब्द का विलोम शब्द कौनसा है?**
(a) विकृतज्ञ (b) अनकृतज्ञ (c) अकृतज्ञ (d) अपकृतज्ञ **(c)**

**15. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन सा है?**
(a) आकांक्षा (b) अकांक्षा (c) आकांछा (d) अकांछा **(a)**

**16. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**महात्मा गाँधी (1)/ भारत के राष्ट्रपिता (2)/ माना जाता है। (3)/ कोई त्रुटि नहीं है (4)**
(a) 3 (b) 4 (c) 2 (d) 1 **(a)**

**17. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**दिल्ली.................मलेरिया का जोर है।**
(a) में (b) के ऊपर (c) के अंदर (d) के भीतर **(a)**

**18. दिये गये वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द दीजिए।**
**जिसका दमन करना कठिन हो।**
(a) दुर्बोध (b) दुर्जय (c) दुर्दम (d) दुर्गम **(c)**

**19. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें।**
**गाँधी जी ने अहिंसा के मार्ग का पालन कर अंग्रेजों को भारत से भगा दिये।**
(a) पालन करके अंग्रेजों को भारत से भगा दिये।
(b) पालन कर अंग्रेजों को भारत से भगा दिया।
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) पालन करते हुए अंग्रेजों को भारत से भगा दिये। **(b)**

**20. रिक्त स्थान को भरने के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।**
**उनकी...........मनाई गई।**
(a) तिरोधान (b) जयंती (c) विवाह (d) जन्मदिन **(b)**

**Comprehension:**

दिए गए अनुच्छेद में कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थान भरें। प्रत्येक संख्या के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें–

तुलसीदास को ईश्वर–प्रेम की झलक (1)...... के रूप में मिली। उनके ग्रंथों विशेषतया रामचरितमानस के द्वारा उन्होंने वेद–शास्त्र–सम्मत (2)........ का प्रचार किया। हमारी (3)........ का आधार ही वेद, शास्त्र, स्मृति आदि ग्रंथ हैं। तुलसीदास ने उस संस्कृति के (4)........ पक्ष की रक्षा की, और हमारे सामने कई आदर्श प्रस्तुत किए। उन्होंने श्रीरामचंद्र जैसे आदर्श चरित्र द्वारा हमारी पारिवारिक (5)........ की स्थापना की। सत्य और पौरुष की प्रेरणा दी।

**21. गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**
(a) ईश्वर सेवा (b) मानव सेवा (c) भक्ति (d) श्रीरामचंद्र **(b)**

**22. गद्यांश के रिक्त स्थान (2) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**
(a) पारसी धर्म (b) हिन्दू धर्म
(c) ख्रिस्ती धर्म (d) बौध धर्म **(b)**

**23. गद्यांश के रिक्त स्थान (3) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**
(a) रीति (b) डर (c) संस्कृति (d) नीति **(c)**

**24. गद्यांश के रिक्त स्थान (4) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**
(a) राजनीतिक और शैक्षणिक
(b) भौतिक और राजनीतिक
(c) शैक्षणिक और आर्थिक
(d) आध्यात्मिक और सामाजिक **(d)**

**25. गद्यांश के रिक्त स्थान (5) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-**
(a) उन्नति (b) कलह (c) विवाद (d) सुख–शांति **(d)**

WhatsApp
JOIN NOW!


SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
पुराने पेपर
क्लिक करें
PDF
Adobe


SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
भारत के प्रमुख पठार
क्लिक करें
PDF
Adobe


SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
विज्ञान वस्तुनिष्ठ प्रश्न
क्लिक करें


SSC GD कांस्टेबल
हिंदी मुहावरे PDF
डाउनलोड
Free PDF Link


SSC GD कांस्टेबल
हिंदी पर्यायवाची PDF
परिक्षा हेतु उपयोगी
Free PDF Link


GK/GS GK PDF
मिक्स GK मॉडल पेपर
SSC GD कांस्टेबल
Free PDF Link

अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए
गूगल सर्च करें या क्लिक करें 👇
Google
rajasthanclasses.in

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें